## एक नजर

### अवैध कॉलोनियों पर तत्काल कार्यवाही हो-राजपूत

**सिराली।** नगर सिराली में अवैध कॉलोनियों का जाल तेजी से फैलता जा रहा है। बिना अनुमति, बिना विकास योजना और बिना किसी मूलभूत सुविधा के की जा रही प्लॉटिंग अब प्रशासन के लिए गंभीर चुनौती बन गई है। इसी मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष अनिल राजपूत ने खिरकिया एसडीएम शिवांगी बघेल को ज्ञापन सौंपते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। राजपूत ने ज्ञापन में बताया कि सिराली क्षेत्र में अवैध कॉलोनी माफिया सक्रिय हैं, जो खेती की भूमि को खरीदकर कॉलोनी के नाम पर भोले-भाले नागरिकों को गुमराह कर रहे हैं। बिना किसी वैधानिक स्वीकृति, न सड़क, न बिजली, न पानी — फिर भी ये कॉलोनाइजर सुविधाओं का झूठा वादा कर प्लॉट बेच रहे हैं। इससे नगर की रूपरेखा बिगड़ रही है और जनता आर्थिक नुकसान झेल रही है। ज्ञापन में विस्तार से बताया गया कि रफीक पिता अब्दुल खत्री एवं इदरीश पिता यूसुफ खत्री, निवासी खंडवा, द्वारा सिराली क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर कृषि भूमि को अवैध रूप से कॉलोनी में तब्दील किया जा रहा है। इनमें मालपुर रोड पर 5 एकड़ भूमि, बायपास रोड छात्रावास के पास 5 एकड़ भूमि, सांवरिया गार्डन के पास 5 एकड़ भूमि, चारवा रोड पर 5 एकड़ भूमि, मस्जिद के पास 2 एकड़ भूमि, शामिल हैं। इन सभी स्थानों पर अवैध रूप से प्लॉटिंग कर भूखंडों की बिक्री की जा रही है, जबकि किसी भी स्थान पर विकास की मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हैं। राजपूत ने आरोप लगाया कि यह सब प्रशासन की आंखों के सामने हो रहा है, किंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि यह प्रत्यक्ष रूप से नगर एवं ग्राम निवेश अधिनियम और रेरा एक्ट का उल्लंघन है.

# जिले में हुआ रन फॉर यूनिटी का आयोजन

## सरदार पटेल की जयंती पर हुआ आयोजन



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 31 अक्टूबर** नर्मदापुरम में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर सेठानी घाट तिलक भवन से प्रारंभ होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थल तक रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने किया ।सरदार पटेल व भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सांसदों ने हरी झंडी दिखाकर रन फॉर यूनिटी की शुरुआत की। सांसद चौधरी ने जनसमूह को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी से प्रेरित होकर सरदार पटेल ने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई ।श्री चौधरी ने कहा कि इस दौड़ का उद्देश्य राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं आपसी सद्भाव का संदेश जन-जन तक पहुंचाना रहा। सरदार वल्लभ भाई पटेल के आदर्श एवं उनके द्वारा स्थापित राष्ट्रीय एकता की भावना हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है ।उन्होंने कहा कि रन फॉर यूनिटी केवल एक खेल आयोजन नहीं,बल्कि यह एक ऐसा प्रयास है जो समाज में भाईचारे,सहयोग और राष्ट्रीय एकता के भाव को सशक्त करता है ।सांसद ने आम जनता से आह्वान किया कि वे भी अपने-अपने स्तर पर एकता और सद्भाव के इस संदेश को आगे बढ़ाएं तथा देश की प्रगति में अपना योगदान दें। पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने सभी सहभागियों के साथ पौधारोपण किया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष नीतू यादव,आईजी मिथिलेश शुक्ला, एसपी साई कृष्णा एस.थोटा,जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, भाजपा नेता पीयूष शर्मा, हंस राय,महेंद्र यादव,लक्ष्मण बेस,नर्मदापथ साइकिल यात्रा पर निकले पंकज चौहान सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### हवा चलने से धान की फसल आड़ी हुई

**पिपरिया** लगातार रिमझिम बारिश होने मौसम परिवर्तन,हवा चलने के कारण धान की खडी फसल कई जगह आडी हो गई है जिससे किसानो को भारी नुकसान की संभावना जताई जा रही है। किसान राजा पटेल,रामविलास पटेल, राजेन्द्र अग्रवाल,लाला पटेल सहित किसानो ने बताया कि बार बार मौसम गडबड होने, रिमझिम बारिश होने व हवा चलने के कारण धान की फसल आडी हो रही है। आडी होने का कारण धान अब कटाई की स्थिति में है। ऊपर वजन बढ़ गया है जिससे थोडी भी हवा चलती है तो फसल आडी हो जाती है। आडी फसल हो जाने से नीचे की फसल तो खराब हो ही जाती है ऊपर की फसल थोडी बचने की संभावना रहती है। किसानो ने बताया कि यदि इसी प्रकार मौसम बना रहता है तो धान में चावल के कलर में भी अंतर आ सकता है। किसानो ने आडी हुई फसल का सेटेलाईट से सर्वे कराये जाने की मांग की है। कृषि विकास अधिकारी ने कहा कि कटाई के बाद ही सही स्थिति समझ आयेगी।

### पुलिस ने घेराबंदी कर जुआं, सट्टा खेलते आरोपियों को पकड़ा, नगद जप्त किया

नवभारत न्यूज

**इटारसी,** पुलिस अधीक्षक, नर्मदापुरम के कड़े निर्देशों के बाद जिले में जुआ और सट्टे के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत, थाना इटारसी पुलिस ने शुक्रवार को एक बड़ी सफलता हासिल की है। रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्यवाई करते हुए, पुलिस ने चार जुआरियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से भारी मात्रा में नगदी जब्त की।

**घटना का विवरण** – थाना प्रभारी इटारसी, निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला को रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दादा धाम हनुमान मंदिर के सामने, नाला मोहल्ला, इटारसी में कुछ लोग स्ट्रीट लाइट के उजाले में ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने तत्काल एक टीम गठित की और बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस को देखते ही आरोपियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम ने उन्हें घेरकर पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से ताश पत्ती की गड्डी और जुए में लगी कुल 1,34,600/- (एक लाख चौंतीस हजार छह सौ रुपये) नगद जब्त किए हैं।

**गिरफ्तार किए आरोपी** – रोहित पिता अनिल खरारे 25 निवासी बजरंगपुरा, इटारसी, अर्जुन परते पिता अशोक खरारे 50 निवासी नाला मोहल्ला, इटारसी, सौरभ बैस पिता संजय बैस 25 निवासी नाला मोहल्ला, इटारसी, अजय राजपूत पिता संतोष सिंह राजपूत 28 निवासी अब्दुल हमीद नगर, इटारसी। चारों आरोपियों के विरुद्ध थाना इटारसी में अपराध क्रमांक 908/25 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है आदतन अपराधी रोहित खरारे के विरुद्ध पहले भी थाना इटारसी में एक गंभीर अपराध धारा 363, 366, 376(2)एन और पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 6) पंजीबद्ध है।

### श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई

देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री एवं आयरन लेडी के नाम से प्रसिद्ध श्रीमती इंदिरा गांधी जी की पुण्यतिथि एवं देश के पूर्व गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती कांग्रेसजनों द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय, पूर्व सरपंच राकेश चंदेले, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार ,शेख रमजान, अजय मिश्रा ,धर्मेंद्र मालवीय, जितेंद्र सोलंकी ,नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल , कन्हैया गोस्वामी ,नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष नेहा चावरे, पार्षद सीमा भदोरिया, पूर्व नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष नसीम खान ,विनीता बस्तवार, निकहत गोलनदास ,इरफन गोलनदास ,गुरमीत सिंह अजवानी , अनिल बस्तवार अजय पटेल ,भूपेंद्र तिवारी, देवी मालवीय, सुशील बस्तवार ,अनूप गंचले ,दीपक धर ,चंद्रकांत बहारे, पहलाद आठनेर, उत्सव दुबे ,राजेंद्र गोस्वामी, गोल्डी बेस, प्रतीक मालवीय, राहुल दुबे , संतोष बामने ,सोनू बकोरिया, प्रमोद कलोसिया, मयंक कलोसिया, कृष्णा चौधरी सहित इटारसी शहर के अनेक कांग्रेसजन एवं नेतागणों ने दोनों महान नेताओं को श्रद्धा सुमन अर्पित किए तत्पश्चात कांग्रेस जनों ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता नन्दू वर्मा जी के आकस्मिक निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उनकी आत्मशांति के लिए मौन रखा कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार द्वारा किया गया

### समेरिटंस स्कूल में केडिट्स ने मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

**नर्मदापुरम।** 13 मध्यप्रदेश बटालियन से संबद्ध समेरिटंस स्कूल एनसीसी केडिट्स ने कमान अधिकारी कर्नल एसपी सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय एकता दिवस पर रैली निकाली। देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री व गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में निकली गई रैली को संस्था निदेशक डा आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत ने रवाना किया। रैली का नेतृत्व सेकेंड आफिसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव एवं केयर टेकर आफिसर स्नेहा उपाध्याय ने किया। रैली में केडिट्स हाथो में बैनर एवं देश भक्ति, राष्ट्रीय एकता के नारे लिखी तख्तियां लेकर चलते हुए नारे लगा रहे थे कि अनेकता में एकता यही है हमारे राष्ट्र की विशेषता।

**इटारसी।** देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर इटारसी समेरिटंस विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में बच्चों को सरदार पटेल के जीवन के बारे में जानकारी दी गई। विद्यालय के प्रचार्य प्रशांत दीक्षित द्वारा बच्चों को सरदार पटेल के प्रशानिक दक्षता और उनके द्वारा 565 रियासतों के भारत में विलय के लिए की गई करवाही की जानकारी दी गई। साथ ही राष्ट्र निर्माण में सरदार पटेल के अमूल्य योगदान की जानकारी बच्चों को प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका सोनिया वर्मा और प्रीति झंझोट के निर्देश में कक्षा एक के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों प्रस्तुती दी गई। अंत में राष्ट्रीय एकता को परिलिक्षित करने के लिए विद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा सामूहिक भोज अयोजित किया गया।



इटारसी . अन्नकूट महोत्सव, न्यास कॉलोनी स्थित हरिप्रबोधम स्वामीनारायण परिवार का आयोजन

# अनियमितताएं पाए जाने पर तीन फर्नीचर मार्ट को किया सील

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 31 अक्टूबर** अवैध लकड़ी के परिवहन और संग्रहण पर नकेल कसने के लिए सामान्य वनमंडल के वन विभाग की टीम ने इटारसी और सुखतवा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। अनियमितताएं पाए जाने पर तीन फर्नीचर मार्ट को सील कर दिया गया है। सीसीएफ अशोक कुमार के दिशा निर्देशन में और डीएफओ मयंक गुर्जर के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई का नेतृत्व एसडीओ मानसिंह मरावी ने किया। वन विभाग की टीम ने फर्नीचर की दुकानों में अवैध लकडियों के परिवहन/संग्रहण की जांच की। जुझारपुर (इटारसी वन परिक्षेत्र) में तिवारी फर्नीचर मार्ट में जांच के दौरान दुकान में फर्नीचर मार्ट का रिकॉर्ड संधारित नहीं पाया गया। अनियमितता पाए जाने पर दुकान को सील कर दिया गया है। सुखतवा रेंज में केसला और आसपास का क्षेत्र में सत्यम शिवम् सुंदरम फर्नीचर मार्ट, केसला और शिवा फर्नीचर मार्ट, केसला में निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर और बिल बुक से मौके पर मौजूद सागौन काष्ठ (लकड़ी) के लेखा-जोखा में भिन्नता पाई गई।

### वल्लभ भाई पटेल जयंती पर राष्ट्रीय एकता की शपथ

**बनखेडी.** गजेन्द्र सिंह पटेल, बनखेड़ी। देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में गई, थाना बनखेड़ी द्वारा रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। रन फॉर यूनिटी का प्रारंभ नगर के मुख्य चौराहे से हुआ तथा थाना प्रांगण में समापन हुआ। रन फॉर यूनिटीमें नगर के 150 छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष हरीश मालानी, पार्षदगण, तहसीलदार अंजू लोधी, नायब तहसीलदार राम सिपाही मरावी, एसआई मनमोहन सिंह ठाकुर, खेल समन्वयक देवेन्द्र उरहा, एएसआई चंद्रकांत परते, रामगोपाल बाथरे उपस्थित थे.

# इंदिरा गांधी जी की पुण्यतिथि मनाई



नवभारत न्यूज

**माखन नगर, 31 अक्टूबर 2025** शुक्रवार को माखन नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा शैलेन्द्र जोशी के निज निवास आवास कॉलोनी में भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व श्रीमति इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस की रूप में मनाई व राष्ट्रीय एकता एवं संप्रभुता के प्रतिपालक लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी जयंती मनाई इस कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए व उन्हें याद किया गया नारी शक्ति सफाई कर्मी श्रीमति रेखा बाई का सम्मान किया गया कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी माखन नगर के समस्त कार्यकर्ता अधिक संख्या उपस्थित रहे

### गौमाता को राज्यमाता का सम्मान की मांग

**पिपरिया** देशी नस्ल की गाय को संवैधानिक राज्यमाता के पद पर सम्मान प्रदान करने की मांग गौमाता के सेवक ने कलेक्टर को पत्र सौप की। गौमाता के सेवक जितेन्द्र भार्गव ने मुख्यमंत्री के नाम एक पत्र कलेक्टर को सौपा सनातन हिंदू की मूलाधार हमारे धर्म में गाय को कहा गया है। चारो पीठो के जगदगुरू द्वारा गौ प्रतिष्ठा के माध्यम से गौमाता को संवैधानिक राज्यमाता की प्रतिष्ठा प्रदान करने की मांग की है.

# नियम विरुद्ध टोल टैक्स बंद किया जावे

नवभारत न्यूज

**हरदा, 31 अक्टूबर** हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने द्वारा केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, म.प्र. के मुख्यमंत्री, आयुक्त नर्मदापुरम, हरदा कलेक्टर, क्षेत्रिय अधिकारी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग भोपाल एवं प्रबंधक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग हरदा को पत्र प्रेषित कर खातेगांव - ननासा बरबईखेड़ा टोल प्लाजा पर ट्रैक्टर, कंबाइन हार्वेस्टर वाहनों से नियम विरूध लिए जा रहे टोल टैक्स को तत्काल बंद कराये जाने की मांग की गई है।

हरदा विधायक डॉ. दोगने द्वारा प्रेषित किए गए पत्र में लेख किया गया है कि प्रबंधक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण हरदा द्वारा पत्र के माध्यम से समस्त टोल प्लाजा को निर्देशीत किया गया है कि जीएसआर राजपत्र अधिसूचना के संदर्भ में कंबाइन हार्वेस्टरों को सभी राष्ट्रीय राजमार्ग टोल प्लाजा पर टोल शुल्क का भुगतान करने से छूट दी गई है।

# करोड़ों की योजना का कार्य कछुआ गति से

नवभारत समाचार

**हण्डिया 31,अक्टूबर** जिले कि हण्डिया नर्मदा किनारे जल संयंत्र के निकट नव निर्मित 31.32 करोड़ रुपयों की लागत से निर्माणाधिन प्रधानमंत्री जल जीवन योजना का निर्माण कार्य कछुआ गति से चल रहा है। जिससे आने वाले दिनों में यह योजना सिर्फ सफेद हाथी बनकर ना रह जाए। बताया जाता है कि इस योजना का कार्य योजना पूर्ण होने कि तिथि 4/010/2026,तक किया जाना है। लेकिन अभी 2 यूनिट पर ही कार्य चल रहा है। जिनमें इंटेक्स बेल का काम जो नर्मदा किनारे बनना है ।उसका निर्माण कार्य आरंभ नहीं हुआ है। पम्प हाऊस,वॉटर टेंक,क्लोरीन टैंक,इनके गडढो की अभी तक खुदाई का कार्य भी नहीं हुआ है। विभागीय सूत्रों की माने तो यह कार्य योजना 4/010/2026, तक पूर्ण होने कि तिथि, निधार्रित कि गई है। हंडिया जल संयंत्र से 20 कि0मी0 हरदा तक पाइप लाइन बिछाने का कार्य अभी किया जाना है। ठेकेदार और विभागीय इंजीनियर भी इस कार्य में ध्यान नही दे रहे हैं। जिससे आगामी गर्मी के दिनों में हरदा जिला वासियों को जल संकट जैसी समस्याओं का सामना करना पड सकता है.

### आज राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर जिले के प्रवास पर

**नर्मदापुरम/31,अक्टूबर,2025/** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछडा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त धुमन्तु और अर्धघुमन्तु कल्याण विभाग श्रीमती कृष्णा गौर 01 नवंबर को जिले के प्रवास पर रहेंगी। जारी कार्यक्रम अनुसार राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर का 01 नवंबर को प्रात: 08.30 बजे नर्मदापुरम सर्किट हाउस आगमन होगा तथा 09.00 बजे पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित मध्य देश स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगी। तत्पश्चात प्रात: 10.00 बजे नर्मदपुरम से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगी।

# नरवाई प्रबंधन यंत्रों का उपयोग करें किसान - एसडीएम



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम/31 अक्टूबर 2025** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय इटारसी में केसला के निजी कस्टम हायरिंग केन्द्र संचालकों की नरवाई प्रबंधन के संबध में एसडीएम श्री नीलेश शर्मा की अध्यक्षता में बैठक की गई। एसडीएम द्वारा कस्टम हायरिंग केन्द्र संचालकों को निर्देश दिये गये की अधिक से अधिक नरवाई प्रबंधन यंत्रों का उपयोग करें और स्वयं के ग्राम एवं आसपास के जरूरतमंद किसानों को भी यंत्र किराये से उपलब्ध कराये और नरवाई न जलाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जावे। बैठक में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री सुनील कुमार उईके, कृषि अभियांत्रिकी से उपयंत्री श्री शोभित ठवरे एवं केसला वि.ख- के कृषि विस्तार अधिकारियों की उपस्थिती भी रही। एसडीएम द्वारा सभी कृषि विस्तार अधिकारीयों को भी निर्देश दिये गये। अपने कार्यक्षेत्र में नरवाई प्रबंधन तकनीकी का प्रचार प्रसार करें एवं नरवाई प्रबंधन के कृषि यंत्रों का उपयोग करने हेतु कृषकों को प्रेरित करें। साथ ही निर्देशित किया गया कि बेलर मशीन के लिए प्रदर्शन इटारसी तहसील क्षेत्र में भी करवाया जाये।

### धान उपार्जन केन्द्र ग्राम के नजदीक बनाने की मांग

**पिपरिया** धनासरी के ग्रामीणो ने धान उपार्जन केन्द्र सेवा सहकारी समिति धनासरी का केन्द्र ग्राम के पास हेमलता वेयर हाउस में बनाने की मांग की।

# जिला कुर्मी समाज ने सरदार पटेल जयंती पर निकाली वाहन रैली



नवभारत न्यूज

**इटारसी, 31 अक्टूबर** जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज संगठन नर्मदा पुरम के तत्वाधान में 31 अक्टूबर 2025 को लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के शुभ अवसर पर विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया। जिसमें नर्मदा परम सेठानी घाट से मां नर्मदा का पावन जल कलश में लेकर पूजा अर्चना के साथ एस. पी.ऑफिस में स्थापित सरदार पटेल जी की प्रतिमा पर जल अभिषेक मल्हार्पण किया गया इसके बाद नर्मदा पुरम से रैली प्रारंभ होकर प्रिंस मैरिज गार्डन खेड़ा इटारसी पर रैली का एकत्रीकरण हुआ वहां से शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए सत रास्ता सरदार पटेल चौक इटारसी पहुंचकर सभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतीकात्मक भारत माता और मां नर्मदा के पावन जल के कलश की पूजा अर्चना की गई जनसभा में स्वागत उद्बोधन जिला क्षत्रिय कुर्मी समाज संगठन के अध्यक्ष चंचल पटेल द्वारा किया गया. सभा को संबोधित क्षेत्रीय सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी जी नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, सुधीर पटेल, चंद्रगोपाल मलैया, कुशल पटेल विजय बाबू चौधरी द्वारा संबोधित किया गया सभा का संचालन युवा शाखा के अध्यक्ष सुनील चौधरी द्वारा किया गया एवं आभार उमेश पटेल द्वारा किया गया. कार्यक्रम में शंभु पटेल, श्री राम मोहन मलैया, अरुण महालहा सुरेश चमनिया राजेश गौर , यशवंत गौर , श्री बृज किशोर पटेल, भगवती चौरे, शिवकिशोर रावत, रामनारायण पटेल, राम मोहन मलैया, लखनलाल महालहा , एम एल पटेल , तेज कुमार गौर ,जयप्रकाश चौधरी, प्रदीप चौधरी राम विलास चौधरी ,बहादुर चौधरी पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे विशाल वाहन रैली में युवा अध्यक्ष रंजीत पटेल जी संतोष चौरे नवल पटेल संजीव चौरे अरुण बड़कुर अजय चौधरी , हंसराज चिमनिया, सुशील चौधरी, राजकुमार चौधरी, राकेश गौर, दीपक, कुलदीप रावत , यज्ञदत्त गौर ,नटवर पटेल , हर्षल गालर प्रिंस पटेल, आकाश गालर, अनुराग मालैया, मनोज चौधरी, मनोज बहमनोटिया, बृजेश चौधरी,आदि ने हिस्सा लिया.


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रोशनलाल रघुवंशी आ. भैयालाल रघुवंशी निवासी ग्राम कल्लूखापा तहसील पिपरिया, जिला नर्मदापुरम द्वारा एक भूखड ख.नं. 198/114 (S) में से 25×45=1125 वर्गफुट ग्राम बनवारी, तहसील पिपरिया में क्रय किया था जिसकी चौहद्दी उत्तर में सोडानी का रकवा दक्षिण में सोडानी का रकवा पूर्व में रास्ता पश्चिम में नाली व सोडानी का रकवा को पूर्ण विक्रय प्रतिफल अदा कर क्रेता शीला चावला पत्नि सुशील चावला एवं अमित चावला आ. सुशील चावला निवासी तहसील कालोनी पिपरिया से रजिस्ट्री क्रमांक MP169812023A12479298 दिनांक 19/10/2023 को क्रय की गई थी विक्रेता शीला चावला एवं अमित चावला की उक्त भूखंड की मूल रजिस्ट्री गुम हो जाने के पश्चात उनके द्वारा थाना पिपरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी उसके पश्चात उक्त भूखंड को मेरे पक्षकार (रोशनलाल रघुवंशी) को विक्रय की गई थी विक्रय दिनांक से ही मेरे पक्षकार का कब्जा उक्त भूखंड पर है। मेरे पक्षकार द्वारा उसके स्वामित्व के भूखंड पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा पिपरिया से लोन प्राप्त किया जा रहा है यदि किसी व्यक्ति अथवा शासकीय व गैर शासकीय संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह समस्त दस्तावेज लेकर 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय या भारतीय स्टेट बैंक शाखा पिपरिया में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करावे उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**भवदीय**- मनोज सिंह अधिवक्ता
सिद्धिविनायक मैरिज गार्डन के आगे
बीजनवाडा पिपरिया,
मो0-8770935757 पिपरिया
दिनांक - 29/10/2025



## कार्यालय नगरपालिका परिषद इटारसी

कमांक /1562/ भवन शा./नपाइ/2025 इटारसी दिनांक 31/10/2025

### // सार्वजनिक सूचना //

**(म.प्र. नगर पालिका कालोनी विकास नियम, 2021 के नियम 13 (1) के अंतर्गत )**

मध्यप्रदेश नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम, 13(1) के अधीन सर्व साधारण की जानकारी के लिये इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से अवगत कराया जाता है कि श्री निशांक महालहा/लखनलाल महालहा निवासी वार्ड 4 पुरानी इटारसी म.प्र. के द्वारा नगर इटारसी के वार्ड 02 वृन्दावन विहार कालोनी के पास स्थित भूमि खसरा नंबर 358/2/1, 358/2/2 कुल रकबा 0.809 हेक्ट में से 0.7897 हेक्टेयर भूमि पर श्री जी ऐन्केल्व के नाम से आवासीय भूखण्डीय कालोनी विकसित करने जा रहे है।

कॉलोनाइजर द्वारा आंतरिक विकास की लागत का 125 प्रतिशत के बराबर भूखण्ड अनुमोदित नक्शे में से ले आउट प्लाट नंबर 17, 18, 19, 20 कुल भूखंड 04 का रकबा 382.04 वर्गमीटर नगर पालिका के अधीन बंधक रखे है. यह भूखण्ड इस क्षेत्र की कॉलोनी का आंतरिक व बाहय विकास पूर्ण होने के पश्चात नियमानुसार बंधक मुक्त किये जावेंगे तथा उसके पश्चात उक्त भूखण्डों का विक्रय किया जा सकेगा ।

अत: सर्व साधारण उक्त भूखण्डों के संबंध में न ही अनुबंध करें,न ही किसी प्रकार का विक्रय बंधक अथवा अंतरण की कार्यवाही करें, अन्यथा वह निरस्त मानी जावेगी।

**मुख्य नगपालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद इटारसी**